हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 दिसंबर 2025

04 जीवात्मा के अन्तःकरण में ही होता है परमात्मा...



07 2.5 करोड़ खर्च कर चालू होगी कैथन डायवर्सन नहर, तीन साल से बंद...





## किसानों के गंभीर मुद्दों पर बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल ने सदन में उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विधायक ऋषि अग्रवाल ने विधानसभा सदन में किसानों के हित की बात रखते हुए कहा - मैं गुना जिले की बमोरी विधानसभा से आता हूं। गुना जिले में इस मानसून सीज़न में खरीफ का सीज़न था, उसमें सामान्य से लगभग 50 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। खेतों में अधिक नमी होने के कारण, अधिक पानी का भराव होने के कारण, फसलों में भारी मात्रा में नुकसान भी आया है। हमारे यहां धान सोयाबीन मक्के की फसल वोई जाती है। अधिक नुकसान होने के कारण किसान भी बहुत परेशान हैं।

अभी सदन में कई सम्माननीय सदस्य बात कर रहे थे कि कई जिलों में मुआवजा राशि का वितरण हुआ लेकिन मैं आपको यह जरूर कहना चाहूंगा कि गुना जिले की बमोरी विधान सभा में और गुना जिले में जो आरबीसी 4-6 के नियम के तहत मुआवजे का न तो कोई निर्धारण हुआ है और न ही कोई वितरण हुआ है। जैसे, तैसे किसानों ने अपनी नुकसान के बाद फसल सभांली, किसानों को मक्का की फसल में काफी नुकसान हुआ। जैसे तैसे उन्होंने फसल संभाली तो केन्द्र सरकार ने घोषणा करी की मक्के का जो समर्थन मूल्य है 2400 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों की मक्का समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। लेकिन किसान को हताशा जब हुई जब उसके साथ बहुत बड़ा छलावा हुआ कि मध्य प्रदेश में मक्का की फसल की खरीदी समर्थन मूल्य पर चालू ही नहीं हुई। अब मैं रबी सीजन की फसल पर आऊंगा, उन्होंने जैसे तैसे रबी फसल की तैयारी करी, जैसे-तैसे उधारी करके कर्ज लेकर किसान रबी सीजन की फसल के लिये मरता क्या न करता वाली स्थिति में उसने रबी सीजन की फसल की तैयारी शुरू करी , बुवाई का समय आया तो किसानों को डीएपी उपलब्ध नहीं हुआ, ना तो सोसायटी के माध्यम से हुआ और न ही मार्कफेड की मार्केटिंग की सोसायटियों से हुआ। मैं सरकार से यह जरूर पूछना चाहता हूं कि सरकार एक तरफ बोलती है कि पर्याप्त मात्रा में खाद, डीएपी उपलब्ध है। दूसरी तरफ सोसाटियों में और मार्कफेड के जो गोदाम हैं उनमें खाद उपलब्ध नहीं है. किसान लम्बी-लम्बी लाइनों में लगा हुआ है। आखिर खाद उपलब्ध होता तो लम्बी-लम्बी लाइनें क्यों लगती हैं। किसान 1350 की जो बोरी है, वह 1800 और 2000 रूपये तक ब्लैक में खरीदने के लिये बाध्य क्यों होता है।




## समाचार संक्षेप

### निकाय की सहयोगी संस्था ने दी गीला व नीला सूखा अभियान में जानकारी



**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों के अंतर्गत मंगलवार को निकाय की सहयोगी संस्था द्वारा गीला -नीला सूखा अभियान के अंतर्गत होम कम्पॉस्टिंग के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री के निर्देशानुसार नगर पालिका की सहयोगी स्वच्छता संस्था सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट के सदस्यों द्वारा निरंतर नागरिकों को जागरूकता किया जा रहा हैं, जिसके तहत कचरा पृथक्करण, गीले कचरे से खाद बनाना ,घर में 4 विन के उपयोग आदि की जानकारी निरंतर दी जा रही है। होम कम्पॉस्टिंग जागरूकता आईईसी मेंबर द्वारा रहवासियो को समझाया की घर से निकलने वाले गीले कचरे को घर पर ही जीरो इन्वेस्टमेंट में होम कम्पॉस्टिंग विधि के द्वारा खाद बना सकते है और घर के गार्डन व पौधों में उपयोग कर गीले कचरा का घर पर ही निष्पादन कर उपयोग कर सकते है,जो घरेलू पोधों में उपयोग किया जा सकता है।

### नवोदय विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन 7 को होगा आयोजित

**बजरंगगढ़।** स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ गुना के प्राचार्य हरि किशन मीना ने बताया कि आगामी 7 दिसम्बर को नवोदय विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार आयोजित किया जाएगा, जिसमें नवोदय विद्यालय के समस्त पूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। पूर्व विद्यार्थियों का आगमन रविवार सुबह 11 बजे होगा तथा स्वागत सत्कार के पश्चात विद्यालय में वर्तमान अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्व विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में रहन सहन, अनुशासन के साथ परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के पश्चात समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का सामूहिक भोज होकर मैत्री वालीबॉल मैच का आयोजन संपन्न होगा।

### नवोदय प्रवेश चयन परीक्षा 2026- 27 के प्रवेश पत्र जारी

**बजरंगगढ़।** नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2026-27 कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन परीक्षार्थियों द्वारा भरे गये थे जिसकी परीक्षा दिनांक 13.12.2025 को होना प्रस्तावित है, एवं परीक्षा में सम्मलित होने हेतु प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट उपलब्ध है जिन्हें उक्त वेबसाइट https://cbseitms. rcil. gov. in पर उपलब्ध है जिन्हें उक्त वेबसाइट पर जाकर प्रिंट किया जा सकता हैं।

### सड़क दुर्घटना में 4 व्यक्ति घायल, डायल 112 ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल




**गुना ।** जिले के म्याना थानांतर्गत साक्षी कॉलेज के पास बोलेरो और मोटर साईकिल की टक्कर में 04 व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में मंगलवार की दोपहर 12:01 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल म्याना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक सचिन रघुवंशी एवं पायलेट मोहन कुशवाहा ने तुरंत मौके पर पहुँचकर बताया कि बोलेरो और मोटर साईकिल की आपसी टक्कर हो गयी थी, जिसमें 04 व्यक्ति घायल हो गए है। इसके बाद डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी घायलों को एफआरव्ही वाहन की मदद से ले जाकर जिला चिकित्सालय गुना में भर्ती करवाया, जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है। डायल-112 की त्वरित कार्यवाही से घायलों को समय पर उपचार मिला।

### पृथ्वीगंज की मुक्तिधाम की जमीन को दबंग से मुक्त कराने सैकड़ों लोगों ने भरी हुंकार

## कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा यहां बात नहीं बनी तो मिलेंगे 'महाराज' से

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

ग्राम पंचायत उमरी के पृथ्वीगंज ग्राम की मुक्तिधाम की जमीन पर दबंग से मुक्त कराने की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों ने कहा यहां बात नहीं बनी तो 'महाराज' यानी केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलेंगे। आदीवासी और कुशवाहा समाज से ताल्लुक रखने वाले इन लोगों के साथ कुशवाहा समाज के नवीन राम जानकी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हेमंत कुशवाहा विशेष रूप से मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि, ग्राम पंचायत उमरी अन्तर्गत ग्राम पृथ्वीगंज में, गांव बसा है जब से ही मुक्तिधाम उसी जगह पर स्थित है। परंतु अब राकेश गुप्ता नामक व्यक्ति द्वारा उस जमीन पर कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों को अंतिम संस्कार करने के लिए कोई जगह नहीं है।भैयालाल सरपंच ग्राम पंचायत ऊमरी के साथ पंचनामा लेकर पहुंचे लोगों ने उस जमीन का नक्शा भी आवेदन में संलग्न किया है। लोगों ने मुक्तिधाम की जमीन को मुक्त कराने की मांग की है।



### चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाकर खेल मैदान और गौशाला निर्माण की मांग

कुडी मंगवार गांव के युवाओं ने गांव की चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाकर, खेल मैदान और गौशाला निर्माण की मांग की है। गांव के युवाओं ने जनसुनवाई पहुंचकर कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। उन्होंने बताया कि गांव के नजदीक सर्वे क्रमांक 66 में करीब 20 बीघा शासकीय भूमि है, जो चरनोई की है। लेकिन इस पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। प्लांट में लगा दिया गया है जो लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है इसे भी तत्काल बंद कराया जाए।युवाओं ने कहा कि सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सांसद निधि से गांव में खेल मैदान व अन्य कार्यों के लिए 10 लाख रुपए की राशि फरवरी 2025 में स्वीकृत की है, सभी ग्रामीण चाहते हैं कि चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाकर वहां खेल मैदान और गौशाला का निर्माण किया जाए।



## खाद के लिए जल्द लागू होगी ई-टोकन व्यवस्था

### नानाखेड़ी खाद वितरण केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मंगलवार को नानाखेड़ी खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक री अंकित सोनी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने किसानों से संवाद कर उनकी जरूरतों और सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। एनएफएल से प्रतिदिन 50 से 55 ट्रक खाद प्राप्त हो रहे हैं। आज अतिरिक्त रैक प्राप्त होने से 73 सहकारी समितियों के माध्यम से वितरण कराया जाएगा, साथ ही 30 प्रतिशत खाद निजी विक्रेताओं को भी उपलब्ध कराई जाएगी। आगामी दिनों में एक और रैक मिलने की संभावना है, जिससे वितरण और सुचारू होगा। कलेक्टर कन्याल ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए ई-टोकन व्यवस्था जल्द लागू की जाएगी तथा टोकन वितरण केंद्र को नई जगह शिफ्ट करने पर विचार किया जा रहा है। जिससे किसानों को इंतजार न करना पड़े और वितरण व्यवस्था सुव्यवस्थित बनी रहे। इस दौरान अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, एसडीएम गुना शिवानी पाण्डेय, तहसीलदार जीएस बैरवा, उपसंचालक कृषि संजीव शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सफाईकर्मी, ग्रामीण और मोहल्लेवासी शिकायत लेकर पहुंचे कलेक्टर के द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में चार प्रमुख मुद्दों को लेकर बड़ी संख्या में आवेदक कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के नेतृत्व में 20 साल से कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने स्थायी कर्मी योजना के तहत विनियमितीकरण और आबादी के अनुपात में नई भर्ती की मांग की। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों से पृथ्वीगंज मुक्तिधाम और कुड़ी मंगवार चरनोई भूमि पर हुए अवैध कब्जों को हटाने की गुहार लगाई गई। इसके अलावा, कालापाठ मोहल्ले की महिलाएं लगातार दूसरे मंगलवार को सार्वजनिक आम रास्ते पर हुए अवैध निर्माण (ईंटों की दीवार) की शिकायत लेकर पहुंचीं, जिससे अर्थी तक ले जाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। कलेक्टर ने सभी गंभीर मामलों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



## अपनी मांगों को लेकर लोको पायलटों की 48 घंटे की भूख हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारतीय रेल प्रणाली की जीवनरेखा माने जाने वाले लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों ने अपनी गंभीर मांगों को लेकर एक अभूतपूर्व कदम उठाया है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) के बैनर तले देशव्यापी 48 घंटे की भूख हड़ताल मंगलवार सुबह 10 बजे से शुरू हो गई है, जो 4 दिसंबर सुबह 10 बजे तक जारी रहेगी। इस विरोध प्रदर्शन में देशभर के लगभग 1.20 लाख रनिंग स्टाफ शामिल हैं, जिनमें गुना की लोको लॉबी के कर्मचारी भी सक्रिय रूप से भागीदार हैं। यह कर्मचारी बिना भोजन किए अपनी ड्यूटी करेंगे, जो यह दर्शाता है कि वे किस हद तक अपनी उपेक्षित कार्य परिस्थितियों से त्रस्त हो चुके हैं।




### जीजा-साली के बीच डीजे विवाद ने पकड़ा तूल

## युवक पर पत्थर से किया हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में डीजे लौटाने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। फरियादी सुरेश पुत्र रामचरण भील (18) ने अपनी बड़ी बहन ज्योति बाई भील और पिता के साथ थाने पहुंचकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि गत दोपहर करीब 2:30 बजे उनकी बहन ज्योति खेत पर बकरियां चरा रही थी। तभी गांव का सतीश पुत्र फूलसिंह भील वहां आया और मजाक में पूछने लगा कि भाई (सुरेश) की शादी में आए डीजे को इतनी जल्दी वापस क्यों कर दिया। जब ज्योति ने कहा कि अभी डीजे का काम नहीं है, तो सतीश भील, जो रिश्ते में ज्योति का जीजा लगता है, आग बबूला हो गया। उसने साली ज्योति को गालियां देना शुरू कर दिया। ज्योति द्वारा मना करने पर सतीश ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। जब सुरेश अपनी बहन को बचाने बीच में आया, तो सतीश ने हाथ में पत्थर उठाकर सुरेश के सिर पर दे मारा, जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी सतीश भील के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### एनएफएल टाउनशिप में लाखों की चोरी

**गुना।** जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएफएल टाउनशिप में एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। डी-4 क्वार्टर निवासी भाकरिया ओसारे पुत्र मालसिंह ओसारे, उम्र 58 वर्ष ने थाने में उपस्थित होकर इस संबंध में जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी भाकरिया ओसारे 27 नवंबर की सुबह लगभग 8 बजे अपने परिवार के साथ अवकाश पर अपने गांव कदवाली (जिला खरगौन) गए हुए थे। 30 नवंबर को दिन में लगभग पौने बारह बजे उनके पड़ोसी ललित कुमार जोशी ने उन्हें फोन पर बताया कि उनके कमरे की लाइट जल रही है। जब भाकरिया ओसारे वापस लौटे और रात करीब 1 बजे अपने घर पहुंचे, तो सामने के गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर जाकर देखने पर पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारी भी टूटी हुई थी। चोरी गए सामान की जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी लेकर फरार हो गए हैं। चोरी हुए आभूषणों में सोने का रानी हार, गले की माल, बाजू बंद, बड़ी झुमकी, चेन, चूड़ी, मंगल सूत्र का पेंडल, कान की टापस, कंचड़ी, दो अंगूठियां और नाक का कांटा शामिल है।

## दारू-मुर्गा पार्टी की गुलामी से तंग बहू ने खाया जहर, जेठ-देवर पर रोटियां बनवाने का दबाव बनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के सिरसी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदेरा में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां 30 वर्षीय महिला रीना बाई पत्नी जय पाल सिंह यादव की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई।

मंगलवार सुबह जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतका का शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में मृतका के पति ने सीधे तौर पर जेठ और देवर पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है, साथ ही पुलिस के ढीले रवैये पर भी सवाल खड़े किए हैं। मृतका के पति जयपाल सिंह यादव ने जिला चिकित्सालय परिसर में बताया कि उनके बड़े भाई राजाराम और चाचा के लड़के राजवीर यादव की आए दिन की प्रताड़ना से उनकी पत्नी रीना बाई तंग आ चुकी थी। यादव ने आरोप लगाया कि दोनों आरोपी अक्सर 10 से 20 लोगों को बुलाकर दारू और मुर्गा की पार्टियां करते थे, जिसके लिए उनकी पत्नी रीना बाई को लगातार रोटियां बनाने का दबाव बनाया जाता था। यह सिलसिला पिछले लगभग चार महीनों से चल रहा था, जिसके कारण महिला मानसिक रूप से काफी परेशान थी।

### चंपावती पथ का गमलों के माध्यम से होगा मार्ग का आकर्षक सौंदर्यीकरण कार्य

## अब सिर्फ एक रास्ता नहीं सौंदर्य और संस्कृति का संगम बनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭चाचौड़ा

चाचौड़ा–बीनागंज नगर में सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधाओं को उन्नत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए चंपावती पथ निर्माण मार्ग पर गमलों के माध्यम से आकर्षक सौंदर्यीकरण किया जाएगा।बेयर हाउस से लेकर जिला सहकारी बैंक चौरा तक कुल 120 सुंदर बड़े गमले सड़क के दोनों ओर स्थापित किए जाएंगे। इन गमलों में आकर्षक एवं बड़े पौधे लगाए जाएंगे, जिससे मार्ग का संपूर्ण स्वरूप और भी मनमोहक दिखाई देगा। इसके साथ ही चंपावती क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रमुख दर्शनीय एवं धार्मिक स्थलों —सीता बावड़ी, चोडारेश्वर महादेव,बागेश्वर धाम, अंबाला, बड़ा गणेश एवं नगर के प्रमुख मंदिर इन सभी के लिए मार्गदर्शन एवं पहचान हेतु सड़क पर सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे। इन बोर्डों पर रेडियम पट्टियां लगाई जाएंगी, जिससे रात्रि में भी जानकारी साफ-साफ दिखाई दे सके और बाहरी आगंतुकों को स्थानों तक पहुँचने में आसानी हो। आज एसडीएम चौरा रवि मालवीय, नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज के सीएमओ ओम त्र्यंबकेश्वर, इंजीनियरों एवं नगरपालिका के अन्य कर्मचारियों के साथ स्थल का सघन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मार्ग की संरचना, गमलों की स्थापना के स्थान, बोर्ड लगाने की पोजिशन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण किया। नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि यह कार्य अत्यंत शीघ्रता से प्रारंभ किया जाएगा, ताकि चंपावती पथ जल्द ही नए सौंदर्य स्वरूप में नागरिकों के समक्ष प्रस्तुत हो सके।यह सौंदर्यीकरण कार्य न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी प्रेरित करेगा।



जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### मुनिश्री की मंगल अगवानी राघौगढ़ में आज होगी मुनि संघ का साडा कॉलोनी में मंगल प्रवेश

**राघौगढ़** । दिगंबर जैन आचार्य संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज के ज्येष्ठ श्रेष्ठ शिष्य निर्यापक श्रमण मनि योग सागर महाराज ससंघ की भव्य अगवानी धर्मनगरी राघौगढ़ में 3 दिसंबर को धर्म प्रभावना एवं विशाल जुलूस के साथ होगी। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज राघोगढ़ के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य विजय कुमार जैन ने जारी विज्ञप्ति में बताया है 2 दिसंबर को निर्यापक श्रमण मनि योग सागर जी महाराज ससंघ ने दोपहर एनएफएल विजयपुर से पद विहार कर साडा कॉलोनी राघौगढ़ में प्रवेश किया। साडा कॉलोनी में एक बी रोड से भव्य शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाल कर प्रमुख मार्गो से होकर महाराज जी ससंघ श्री वासु पूज्य



जिनालय साडा कॉलौनी पहुंचे। मुनि संघ ने रात्री विश्राम साडा कॉलोनी स्थित संत निवास में किया। 3 दिसंबर को आहार चर्या भी साडा कॉलोनी में होगी। दोपहर 1:30 बजे साडा कॉलोनी से विहार कर राघौगढ़ में प्रवेश होगा।सकल दिगंबर जैन समाज राघौगढ़ द्वारा बरवटपुरा से विशाल शोभायात्रा गाजे बाजे से निकाली जायेगी जो नगर प्रमुख मार्गो से होकर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगी। मुनि संघ के राघौगढ़ आगमन को लेकर जैन समाज राघौगढ़ में भारी उत्साह है। नगर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। घर-घर रंगोली बनाई जा रही हैं।घर घर पाद प्रक्षालन होगा। मुनि संघ श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित है श्री श्री विद्यासागर सभागार में पहुंचेगा यहां पर महाराज जी के मंगल प्रवचन होंगे। रात्रि विश्राम की व्यवस्था श्री जैन धर्मशाला राघौगढ़ में की गई है।

### जीवन की हर उलझन को सुलझाने के लिए गीता का ज्ञान होना अत्यंत जरूरी है

**राघौगढ़** । गीता जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन एवं विश्वगीता प्रतिष्ठानम्-उज्जयिनी के संयुक्त तत्वावधान में तहसील स्तर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ,राघौगढ़ में गीता जयंती पर सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने गीता जी के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, वैदिक मंगलाचरण, सरस्वती वंदना, शंखनाद, प्रेरणा गीत के साथ हुआ। मंच संचालन- प्राचार्य एवं पूर्व बीआरसीसी सुधीर शर्मा ने किया,गीता वाचन एवं मंत्र उच्चारण गुरुकुल आवन के प्राचार्य- बेनी प्रसाद वशिष्ठ ने करवाया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिभाषक पं. महेश प्रसाद बोहरे, पं. कैलाश नारायण भारद्वाज,




ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरविंद तिवारी आदि विद्वानों ने गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मनुष्य तनाव ,दुःख, चिंता एवं निर्णयहीनता से ग्रस्त होता है, तब मानव जीवन की सभी उलझनों को सुलझाने के लिए गीता ज्ञान बहुत आवश्यक है। कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग के माध्यम से गीता मनुष्य को आत्मशुद्धि, आत्मविश्वास और आध्यात्मिक उन्नति की राह दिखाती है। गीता पढ़ने से मनुष्य निष्काम कर्म, समता, आत्मसंयम और सकारात्मक गुणों को अपनाता है। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती पूर्णिमा पारीक ने स्वागत भाषण एवं आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ शिक्षक अतुल शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक/अध्यापिका एवं क्षेत्रीय विद्यालयों के सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पंचमुखी हनुमान जी मंदिर गौशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

# जीवात्मा के अन्तःकरण में ही होता है परमात्मा श्री कृष्ण का निवास

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जीवात्मा के अन्तःकरण में ही परमात्मा श्री कृष्ण का वास होता है। उन्हें प्राप्त करने हेतु पूतना, तृणावर्त, बकासुर, अघाससुर रूपी तृष्णा, लोभ, पाप, मोह, कामना आदि का दमन करना पड़ता है तभी जीवात्मा और परमात्मा का सम्मिलन रास संभव है। पंचमुखी हनुमान जी मंदिर गौशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के व्यास पं. चन्द्र प्रकाश मिश्र (तीर्थराज प्रयाग) ने आज उक्त प्रवचन द्वारा अद्भुत दर्शन का तात्विक ज्ञान समझाते हुए श्री कृष्ण भगवान की बाल लीलाओं का सुमधुर वर्णन किया जिससे श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। श्री महाराज




की प्रवचन शैली से ऐसा लग रहा है कि साक्षात वृन्दावन का प्राकट्य गुना के श्री सिद्ध पंचमुखी मंदिर प्रांगण में हो गया है जो भक्तों को भक्ति रस में तिरोहित कर रहा है। उक्त श्रीमद् भागवत कथा का यह आयोजन मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर एवं सेवानिवृत्त अभियंताओं, शासकीय एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय ठेकेदारों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम की व्यवस्था एवं सुचारू संचालन संघ के मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर संघ के वर्तमान प्रांताध्यक्ष रवीन्द्र कुशवाहा सहित एम एस नरवरिया अध्यक्ष मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन जिला गुना नरवरिया , हरि सिंह रघुवंशी , योगेन्द्र शुक्ल एवं आर एस तोमर सहाब सतत सेवारत हैं। नित्य पूजन के पुरोहित प्रयागराज के आचार्य श्रीकांत आचार्य , निर्मल शास्त्री , श्रवण मिश्र एवं प्रयागराज माघमेला अखाड़ा के आचार्य शशांक तिवारी तथा सुमधुर संगीत जबलपुर के अमित दुबे, राजकुमार उपाध्याय एवं साथी चारचंद लगा रहे हैं। कथा विश्राम 4 दिसंबर को हवन, पूजन एवं प्रसाद से होगा।

## जिला नशामुक्ति नर्सिंग होम गुना ने की 15 मरीजों की निःशुल्क भर्ती

**गुना**। मंगलवार को मन मनोचिकित्सा संस्थान एवं नशामुक्ति नर्सिंग होम (डी.डी.ए.सी) गुना में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (भारत सरकार) के अंतर्गत स्वीकृत जिला नशामुक्ति नर्सिंग होम गुना द्वारा 15 मरीजों की निशुल्क भर्ती की गयी ।मन नशामुक्ति केंद्र के डायरेक्टर डॉ.अनिल विजयवर्गीय द्वारा जांच एवं परिक्षण किया गया । मन नशामुक्ति केंद्र में आये 20 के लगभग मरीजों में से 15 मरीजो को भर्ती किया गया शेष मरीजों को अगले माह आने को कहा । मन कॉलेज ऑफ़ स्पेशल एजुकेशन एंड साइकोलॉजिकल स्टडीज एम.फिल क्लिनिकल साइकोलॉजी प्रोफेसर एंड हेड डॉ. अजय शर्मा एवं असिस्टेंट प्रोफेसर शिवानी किरार, असिस्टेंट प्रोफेसर समृद्धि ओली तथा एम फिल क्लिनिकल साइकोलॉजी और प्रोफेशनल डिप्लोमा इन क्लिनिकल साइकोलॉजी के ट्रेनी द्वारा शेष मरीजों को काउंसलिंग दी गयी । इस दौरान संस्था की कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, शुभिका विजयवर्गीय, पंकज कुशवाह, हितेश कुशवाह, परमानन्द किरार, राहुल कुशवाह आदि उपस्थित रहे ।




## ग्राम पंचायत पिपल्या मोती में फर्जी भुगतान करने का आरोप

### ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

ग्राम पंचायत पीपल्या मोती में खरंजा एवं नाली निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत सचिव और सरपंच द्वारा लगभग दस लाख रुपये की राशि का आहरण 03/10/2024 को कर लिया गया, जबकि जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं किया गया।ग्रामीणों का कहना है कि चेनसिंह के खेत के पास नाने तक सीसी खरंजा एवं नाली निर्माण होना था, परंतु मौके पर न तो कोई खरंजा बना और न ही नाली का निर्माण हुआ है। ऑनलाइन रिकॉर्ड की जाँच में भी यह दर्शाया गया कि कार्य पूर्ण दिखाते हुए राशि निकाल ली गई है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकारी धन का दुरुपयोग, फर्जी बिल, और विनाकाम भुगतान किए गए हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने मौके पर जाकर निरीक्षण करवाने, तथा सरपंच और सचिव पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।आज जनसुनवाई में भी ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत किया। शिकायत दर्ज कराने वालों मेंभल्लू भील, शिम्बू, बंकट रामराज, आलोक, रोहित, कवीश, अजमेर सिंह, महेश सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है किमौके पर जांच टीम भेजी जाए,कार्य स्थल का सत्यापन कराया जाए,किए गए भुगतानों की समीक्षा हो,और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### सब जेल चांचौड़ा में गीता महोत्सव संपन्न हुआ

**बीनागंज**। सब जेल चाचौड़ा में चल रहे गीता महोत्सव के अंतर्गत बंदियों को श्रीमद्भगवत गीता के आध्यात्मिक मर्म का ज्ञान कराने हेतु विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पंडित श्री कृष्णकुमार शर्मा द्वारा गीता के अध्यायों का सरल, सुगम एवं प्रेरणादायी वर्णन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन देने वाला आध्यात्मिक एवं व्यवहारिक ज्ञान है। इसमें अर्जुन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म, ज्ञान, भक्ति और धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझाया है।

## आरोन नगर में मानवता की मिसाल : पत्रकार ने बच्चे का जन्मदिन मनाकर बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में मानवता और संवेदनशीलता की एक अनोखी मिसाल देखने को मिली, जहाँ समाजसेवी एवं पत्रकार उदयभान सिंह गौर 'बंटी राजपूत' ने बच्चों के बीच खुशियाँ बाँटकर सभी का दिल जीत लिया।जानकारी के अनुसार, उदयभान सिंह गौर अपने कार्यालय के समीप मौजूद थे, जहाँ कुछ बच्चे आए बच्चों में से एक ने मासूमियत से कहा कि "आज मेरा जन्मदिन है।" बच्चे की यह बात सुनते ही उदयभान सिंह गौर ने बिना



देर किए पास की बेकरी से केक मंगवाया और उसी समय कार्यालय में जन्मदिन समारोह का आयोजन कर दिया। उन्होंने अपनी बेटी राधना सिंह तथा संस्कार बंशकार और उसके दोस्त करण कुशवाहा,अनु अहिरवार,के साथ मिलकर उस बच्चे का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। बच्चों ने केक काटा, बधाइयाँ दीं और इस पल की खुशी देखते ही बनती थी।

उदयभान सिंह गौर ने बच्चों को मिठाइयाँ और टॉफियाँ बाँटकर उनके चेहरों पर मुस्कान ला दी।इस अनोखे और भावुक क्षण का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें नगरवासियों द्वारा उनकी इस पहल की खूब सराहना की जा रही है। लोग इसे सामाजिक जिम्मेदारी और इंसानियत का बेहतरीन उदाहरण बता रहे हैं।उदयभान सिंह गौर 'बंटी राजपूत' ने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही जीवन की असली पूँजी है, और यदि किसी बच्चे का दिन खास बन जाए तो इससे बड़ी खुशी कोई नहीं हो सकती।

उनकी इस पहल ने समाज में सकारात्मक संदेश दिया है कि छोटी-सी कोशिश भी किसी के जीवन में बड़ी खुशियाँ भर सकती है।आरोन नगर में उनकी इस मानवीय पहल की खूब चर्चा है और लोग इसे प्रेरणादायक कदम के रूप में देख रहे हैं।

## त्रिकाल चैबीसी मंदिर महोत्सव वृषभ रथ यात्रा के साथ मनाया

**अशोकनगर**। अशोकनगर में प्रतिवर्ष 2 दिसम्बर को श्री शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर की वर्ष गांठ वार्षिक महोत्सव के रूप में मनाई जाती है।



इस बार भी यह भव्य आयोजन भक्ति भाव से किया गया। सुबह की वेला में श्रद्धालु श्री शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर पहुंचे, जहां भगवान का महामस्तिकाभिषेक और शांतिधारा का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्ति भाव से भगवान की आराधना की गई। इस वार्षिक महोत्सव में अनेक श्रद्धालुओं को भगवान की रथ यात्रा में सारथी बनने से लेकर भगवान को विराजमान करने आदि का अवसर मिला। मंदिर में होने वाले आयोजन के बाद एक वृषभ रथ यात्रा त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर से निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह रथ यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर, सुराना चैराहा, गांधी पार्क, पुराना बाजार, प्रोसेशन रोड होते हुए वापिस शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी मंदिर पहुंची।

## विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के निर्देशन में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार 2 दिसंबर को जिला चिकित्सालय अशोकनगर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की प्रशिक्षु छात्राओं सहित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना कल्पतरु विकास समिति के स्टाफ ने सहभागिता की। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ भूपेंद्र सिंह शेखावत एवं आर एम ओ डॉ




बीएल टैगोर द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाई।

रैली का समापन कलेक्ट्रेट अशोकनगर में किया गया। जहां एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अल्का त्रिवेदी द्वारा रैली को संबोधित करते हुए जागरूकता गतिविधियां आयोजित की अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया।

इस मौके पर डॉ संदीप जैन, आईसीटीसी काउंसलर बृजपाल यादव, एसटीआई काउंसलर संतोष भार्गव, डीआईएम विवेक सोनी, एलटी दिलीप सोनी, टीआई परियोजना प्रबंधक प्रमेन्द्र भार्गव, ओएसटी, एएनएम विनोद साहू समेत पुलिस एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों समेत आमजन उपस्थित रहे।

## हाथठेला वालों ने जनसुनवाई में स्थान देने की मांग की



**अशोकनगर**। शहर के गांधी चैक के साथ मिलन तिराहा और स्टेशन रोड पर जाने वाले मार्ग पर हाथ ठेला में रखकर सामान बेचने वाले कई दुकानदार एक साथ कलेक्टर कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई के कार्यक्रम में आवेदन देने पहुंचे जिसमें कहा गया है कि हमें यहां से हटाया जा रहा है। हमारी मांग की है कि जब तक हमें कोई स्थान नहीं दिया जाता तब तक हमको उसी स्थान पर हाथ ठेला लगाने की अनुमति दी जाए।

आवेदन देने वालों में नूरजहां, अमन पटवा, राजू पटवा, गोलू, कदीर, घनश्याम,परमाल, हरगोविंद आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले 20 वर्ष से हाथ ठेले में सामान रखकर अपने परिवारों का भरण पोषण कर रहे हैं। शहर में पहले चाट के ठेले भी लगते थे जिन्हें नगरपालिका द्वारा गोपाल गंज के पास स्थान दिया जा चुका है। अगर हमें हटाया जाता है तो हमारे परिवार भूखे मरने पर मजबूर हो जाएगें और हमारा धंध छिन जाएगा जिससे हम बेरोजगार हो जाएगें। हमें यहां से न हटाया जाए हमें नगरपालिका जिस दायरे में रहने को कहेगी हम उस दायरे में रहकर अपना ठेला लगा लेगें और आवागमन को प्रभावित नहीं होने देगें। हमें यथा स्थान पर ठेला लगाने की अनुमति दी जाए इस तरह की मांग इन हाथ ठेले के दुकानदारों द्वारा जनसुनवाई में की गई है।

### अशोकनगर जिले को प्राप्त हुई एचयूआरएल कंपनी यूरिया की रैक

**अशोकनगर**। कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले के कृषकों की मांग अनुसार रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सतत की जा रही है। जिले को एच.यू.आर.एल. कंपनी की यूरिया की रैक प्राप्त हुई है। रैक से 1409 मेट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ है। डबल लॉक केन्द्र अशोकनगर को 174 मेट्रिक.टन, डबल लॉक केन्द्र मुंगावली को 100 मेट्रिक टन, डबल लॉक केन्द्र पिपरई को 100 मेट्रिक टन, डबल लॉक केन्द्र ईसागढ़ 75 मेट्रिक टन, डबल लॉक केन्द्र नईसरायं 50 मेट्रिक टन, डबल लॉक केन्द्र चन्देरी 75 मेट्रिक टन, एम.पी. एग्रो अशोकनगर को 55 मेट्रिक टन यूरिया प्रदाय किया गया है।



### कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया

**अशोकनगर**। सोमवार को सटटे के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी नीरज पुत्र विमल जैन उम्र 43 साल निवासी ग्राम प्राणपुर थाना चन्देरी हाल निवासी सिटी सेंटर गंजबासौदा जिला विदिशा को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकरण में अन्य आरोपियों में गौरव जैन, गौरव श्रीवास्तव, शुभम नामदेव,सौरभ विजौले, सौरभ लोधी, रवि नामदेव, भानु नामदेव, चेतन नामदेव, हर्ष महाराज एवं. चिराग जैन के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था उक्त मामले में नीरज जैन फरार चल रहा था।

# जिला जेल अशोकनगर में गीता जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिला जेल अशोकनगर में गीता जयंती का पावन पर्व मनाया गया। जिसमें महेश चन्द्र मांझी, प्रमुख मुख्य प्रहरी एवं प्रभारी अधिकारी, जिला जेल अशोकनगर, अन्य जेल स्टाफ एवं बंदियों के द्वारा सम्मिलित होकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। महाभारत युद्ध के समय श्रीमद्भगवतगीता के दिव्य उपदेशों का प्रवचन किया गया।





बंध में वर्णित मुख्य उपदेश अनुसार बंदीगण को जीवन, धर्म और कर्तव्य के गहन रहस्यों के बारे में समझाया गया तथा उन्हे आत्मविश्वास के साथ आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दी गई। फल की चिंता न करते हुए कर्म करने पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में बताया गया। क्रोध, मोह और लोभ से बचने की सलाह दी गई क्योकि यही अपराध के मुख्य जनक हैं। स्वयं पर विश्वास रखते हुए वर्तमान में जीवन व्यतीत करने तथा अहंकार से मुक्त रहते हुए धैर्य और विश्वास के साथ सत्य मार्ग अपनाना ही जीवन लक्ष्य बनाने की शिक्षा दी गई। बंदीगण को गीता में वर्णित उपदेशों के अक्षरशः पालन करने एवं स्वयं में सुधार कर जेल से बाहर जाने के बाद समाज की मुख्य धारा में शामिल होने की शपथ दिलाकर समापन किया गया।

### चन्देरी अस्पताल के सहायक ग्रेड-03 को निलंबित किया

**अशोकनगर**। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा राकेश कुमार जैन सहायक ग्रेड-03 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्देरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय जिला अशोकनगर रहेगा। उल्लेखनीय है कि 27 नवंबर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चन्देरी का औचक निरीक्षण किया गया था, निरीक्षण दौरान कार्यस्थल से अनुपस्थित पायें जाने से कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था। कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है।

## शौचालय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ शौचालयों को मिलेगा सम्मानः जिला पंचायत सीईओ

**अशोकनगर**। विश्व शौचालय दिवस प्रत्येक वर्ष 19 नवम्बर को मनाया जाता है। शासन द्वारा इस वर्ष पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर राष्ट्रव्यापी हमारा शौचालय, हमारा भविष्य अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर तक सम्पूर्ण प्रदेश में संचालित किया जायेगा।

यह अभियान केवल स्वास्थ्य, गरिमा और सामाजिक समृद्धि के लिए स्वच्छता एवं स्वच्छ व्यवहार के महत्व पर ही नहीं, बल्कि शौचालयों की क्रियाशीलता के मूल्यांकन, मरम्मत तथा सौंदर्याकरण पर भी विशेष रूप से केंद्रित होगा। जिसमें व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसरों दोनों को शामिल किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आवश्यक निर्देश जारी किये गये है। अभियान अंतर्गत प्रति पंचायत कम से कम 02-02 व्यक्तिगत शौचालयों की रंगाई एवं पुताई साथ हमारा शौचालय हमारा भविष्य नारे का लेखन करावें तथा प्रति जनपद पंचायत से 05-05 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का सत्यापन करावें तथा मरम्मत उपरांत सौदर्य एवं क्रियाशील बनाये जाकर पोर्टल पर 06 दिसम्बर तक एन्ट्री करना सुनिश्चित करें। साथ ही 10 दिसम्बर समापन कार्यक्रम आयोजन में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालय प्रतियोगिता 10 दिसम्बर को सर्वश्रेष्ठ सौंदर्याकृत एवं रखरखाव वाले शौचालय वाले परिवार को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

### एसआईआर कार्य में लापरवाही पर बीएलओ निलंबित

**श्योपुर**। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर प्राथमिक शिक्षक चिरोंजी लाल जाटव बीएलओ भाग संख्या 281 प्राथमिक शाला भवन गोठरा विधानसभा क्षेत्र विजयपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। जारी आदेश के अनुसार रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा बार-बार निर्देशित किये जाने के बावजूद भी एसआईआर के कार्य में निरंतर लापरवाही बरती जा रही है, जिसके चलते उनके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है तथा निलंबन काल में मुख्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 विजयपुर किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी वर्षा रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति दीपक रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया देवत निवासी देवेन्द्र रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कैलाश रजक और परमाल प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढुडैर निवासी चन्द्रभान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भीम सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मर्ग कायम

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम बेउढाना निवासी तोफान सिंह कटारिया द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि उसके घर से कुछ दूरी पर एक 35 वर्षीय युवक सड़क से कुछ दूर बेहोंशी की अवस्था मिला। जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से टकराकर हुई मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत रेलवे ट्रेक पर किसी अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से टकराने से मौत हो गई। मुंगावली के रेलवे ट्रेक मैन परसराम कुशवाह द्वारा सूचना दी गई थी कि पोल क्रमांक 1002 से 16 के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति का शव रेल पटरियों पर मिला है। यह व्यक्ति ट्रेन से टकराने के बाद घायल हो गया था जिसके बाद उसकी मौत हो गई।

### अज्ञात कार की टक्कर से युवक हुआ घायल

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम पाठखेडा निवासी समरत आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नीमखेडा रास्ते से आगे अज्ञात आरोपी अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आईं। पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के अनेक प्रकरण किए पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के चंन्देरी थाने की पुलिस ने धर्मेन्द्र अहिरवार निवासी फतेहाबाद के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की देहात थाने की पुलिस ने विमलेश कुशवाह के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ़ थाने की पुलिस ने पिपरौद निवासी वीरसिंह अहिरवार के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### आरोपी घर से मोबाइल चोरी कर ले गया

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली थाने के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी राजकुमार आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि माला मराठा निवासी मंदसौर मिल उसके घर के बाहर से 1 प्लस कंपनी का मोबाइल चोरी कर ले गया जिसकी कीमत 10 हजार रूपए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### पिकअप वाहन ने बाईक को टक्कर मारी,महिला की मौत, 3 लोग घायल

**अशोकनगर।** अशोकनगर गुना रोड पर सोमवार की देर शाम गुना जिले के सरखण्डी गांव से अपनी बाईक से वापिस घर लौटते समय पीलीघटा के समीप एक पिकअप वाहन ने बाईक को टक्कर मार दी । इस घटना में महिला की मौत हो गई जबकि 3 लोग घायल हुए हैं, जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। ग्राम पिपरौल थाना शाढ़ौरा निवासी गेंदालाल कुशवाह का परिवार बाईक से पडौसी जिला गुना के सरखण्डी गांव गया था वहां से देर शाम वापिस लौटते समय जब उनकी बाईक पीलीघटा से गुजर रही थी उसी दौरान एक पिकअप वाहन ने पीछे से बाईक में टक्कर मार दी। इस घटना में महिला की मौत हो गई। मृतिका का नाम बैजंती बाई पत्नी गैंदालाल कुशवाह उम्र 45 साल है।

## नदी मोड़ नहर में तब्दील करने जिले की इकलौती योजना 2010 में शुरू

# 2.5 करोड़ खर्च कर चालू होगी कैथन डायवर्सन नहर, तीन साल से बंद, 600 हेक्टेयर में सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले के बहादुरपुर में जल संसाधन विभाग द्वारा ढाई करोड़ रुपये खर्च कर कैथन डायवर्सन की भूमिगत नहर को फिर से खोला जा रहा है। यह नहर बीते तीन वर्षों से बंद है। जिसे खोलने के लिए पहले भी दो बार प्रयास हो चुके हैं लेकिन ठेकदारों ने जब हाथ खड़े कर दिए तो विभाग ने बड़े स्तर पर कार्य योजना बनाई। जिसमें करीब ढाई करोड़ रुपए का खर्च आ रहा है। कार्य का टेंडर हो चुका है और कंपनी काम भी करने लगी है। उम्मीद है कि अगले एक साल के अंदर नहर दोबारा चालू हो जाएगी।

दरअसल करीब पंद्रह वर्ष पहले क्षेत्र के खोपरा एवं हाजूखेड़ी गांव के बीच कैथन नदी को मोड़कर एक नहर में तब्दील किया गया था, जिससे 600 हेक्टेयर रकबा में सिंचाई होती थी। इस योजना के तहत कैथन नदी पर एक बांध बनाया गया। जिसके पीछे करीब पांच किलोमीटर तक पानी जमा होता है। इस पानी को बांध के नजदीक से एक नहर में मोड़कर खेतों तक ले जाया गया था। नदी से 2.25 किलोमीटर तक नहर भूमिगत है, इसके आगे 2.25 किलोमीटर तक खुली नहर है। जहां नहर भूमिगत है, वहां 11.5 मीटर गहराई पर पाईप बिछे हुए हैं। जिनसे पानी आगे बढ़ता है, कुछ अंतराल पर कुआं बनाए गए हैं। जिनमें मोटर पंप डालकर किसान खेतों में फसलों की सिंचाई करते हैं।

### पाइप फूटे और मिट्टी जमा हुई तो बंद हो गई नहर

यह नहर पिछले तीन वर्षों से बंद है क्योंकि भूमिगत नहर में बिछाए गए पाइप मिट्टी भर जाने से बंद हो गए थे। बताया गया है कि मिट्टी के दबाव से पाइप फूट गए और ऊपर से मिट्टी जमा होने से नहर पूरी तरह से बंद हो गई। इसे खोलने के लिए कई बार प्रयास किए गए थे। किंतु यह प्रयास सफल नहीं हुए तो विभाग ने राज्य स्तर पर बड़ी कार्य योजना का प्रस्ताव भेजा। यह प्रस्ताव स्वीकृत होकर आया और करीब एक महीने पहले काम चालू हो गया है। अशोकनगर की प्रयाग कंपनी इसका काम कर रही है। जिसके इंजीनियर गगन यादव का कहना था कि जहां मिट्टी भरी है, उसे हटा रहे हैं। जहां पाइप फूटे हैं, उन्हें हटाकर नए पाइप डालेंगे। जहां पाइप धंस रहे हैं, वहां नीचे सीमेंट कंक्रीट का बेस बनाएंगे।

### जिले की इकलौती योजना

कैथन डायवर्सन अशोकनगर ही नहीं आसपास के कई जिलों में इकलौती ऐसी योजना है, जिसमें नदी को मोड़कर नहर बनाई गई है। इसके बनने से खोपरा, सोपरा, बर्री और हाजूखेड़ी इन चार गांवों की कुल 600 हेक्टेयर जमीन सिंचित हो गई थी। किसानों को इस नहर के शुरू होने से बड़ा फायदा हुआ था।

### इनका कहना है

नहर को चालू करने का काम चल रहा है। काम बड़ा है इसलिए एक वर्ष लग जाएगा, लेकिन इस बार नहर को चालू करने के लिए ठोस योजना बनाई है।

**व्ही.के शाक्य,** एसडीओ, जल संसाधन विभाग, मुंगावली

## चक्का जाम, प्रशासन अमला पहुंचा

# 35 वर्षीय युवक ने पुलिस से तंग हो फांसी लगाकर खुदकुशी की





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी नगर में मंगलवार शाम करीबन 4:00 बजे हौज खास बाहर शहर में एक 35 वर्षीय युवक ने पुलिस से प्रताड़ित होकर खुदकुशी का कदम उठा लिया। जिसके बाद परिवारजनों के साथ भीड़ ने दिल्ली दरवाले पर जाम लगाया, प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

युवक की पत्नी आरती प्रजापति ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस पिछले 3 माह से मनोज को फोन लगाकर परेशान कर रही थी और पैसों की मांग कर रही थी और एक-दो दिन पहले मनोज के घर पर पुलिस भी लेने पहुंची थी जहां मनोज की पत्नी ने घर पर न होने का कहकर लौटा दिया और आज फिर पैसों की मांग करने लगे इसके बाद मृतक की पत्नी ने जैसे तैसे पैसों का इंतजाम कर पत्नी पहले थाने के सामने पहुंची लेकिन जिस फोन से कॉल आ रहा था वह पुलिस कर्मी बोला कि आप दिल्ली दरवाजे पर आ जाओ वहां मिलेंगे। लेकिन वहां भी वह पुलिसकर्मी नहीं मिला फिर वापस पत्नी अपने घर आई जहां पति को फांसी के फंदे पर झूलता देख पत्नी के होश उड़ गए और जोर-जोर से रोने लगी तो घर पर पड़ोसियों की भीड़ जमा हो गई। फिर बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जहां मौके पर चंदेरी थाना प्रभारी मनीष जादौन सहित पुलिसकर्मी पहुंचे लेकिन मृतक की पत्नी अब इस पूरे मामले पर दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग करती हुई नजर आ रही है। क्योंकि मृतक पत्नी का घर चलाने वाला केवल उसका पति ही है और युवक की छोटी-छोटी चार बच्चियां हैं जबकि महिला अभी गर्भवती है। डिलीवरी नजदीक आ गया है।

## 4 जुआरियों से 4 फोन 2 बाईक व नगदी 95 हजार 500 जब्त किए

**अशोकनगर।** जिले में जुए के फड़ अवैध रूप से खेतों में चलाए जा रहे हैं जहां स्थानीय लोगों के साथ पड़ौसी जिलों से लोग भी जुआं खेलने के लिए भी पहुंचते हैं। ऐसे ही एक अडडे की जानकारी जब पुलिस को लगी तब मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम चाचूखेड़ा में छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी राजीव कुमार मिश्रा द्वारा लगातार जुए के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसे लेकर जिले भर के सभी थानों की पुलिस को निर्देश जारी किए गए थे। इन्ही निर्देशों के चलते मुंगावली पुलिस को मुखविर से सूचना मिली थी कि चाचूखेडा के खेत में जुए का फड चलाया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें संतोष पुत्र रतिराम साहू उम्र 40 साल निवासी कछियाना मोहल्ला मुंगावली, अरविन्द पुत्र लालाराम कुशवाह उम्र 27 साल निवासी मल्हारगड़ रोड़ मरघटशाला के पास मुंगावली, लालू पुत्र विजय सिंह कटारिया उम्र 38 साल निवासी गूजर मोहल्ला चंदेरी एवं जगन्नाथ पुत्र मदनलाल कुशवाह उम्र 45 साल निवासी रामबाग कृष्णा स्कूल के पास मल्हारगढ़ रोड़ मुंगावली के पास से एक 52 पत्तों की ताश की गड्डी तथा एक मोबाईल मोटोरोला कंपनी का आसमानी कलर कीमती करीब 500 रूपये कुल 04 मोबाईल व 2 मोटरसायकिल एचएफ डीलक्स, बजाज सीटी जिनकी कुल राशि 13500 रूपये व कुल नगदी 95,500 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मुंगावली उनि. जोगेन्द्र सिंह यादव, उनि. बीकेराम, सउनि. रामविनायक सउनि. कानसिंह, सउनि. अनिल कुमार, प्रआर. अरविंद मौर्य, आर. दीपेन्द्र लोधी, आर. गोविंद मौर्य की सराहनीय भूमिका रही।

## बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर विधानसभा 034 मुंगावली के बीएलओं, बीएलओं सुपरवाईजर सहित अन्य संलग्न शासकीय सेवकों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय मुंगावली में मंगलवार को पुष्पहार पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र 34 चंदेरी के 272 बीएलओ, 27 बीएलओ सुपरवाइजर, 03 मास्टर ट्रेनर्स सहित एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियों को शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम मुंगावली इसरार खान,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आलोक ईटोरिया,तहसीलदार मुंगावली सोनम शर्मा,नायब तहसीलदार पिपरई अनीश धाकड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में 228 आवेदक शिकायतें लेकर पहुंचे, कलेक्टर के समक्ष सुनाई, मिला हल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के कार्यक्रम में 228 आवेदक शहर से लेकर गांव तक से आकर अपनी समस्याएं कलेक्टर को सुनाते नजर आए। इस दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों को उक्त समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम खजूरिया कला निवासी नहारसिंह अहिरवार द्वारा पट्टे की भूमि को कम्प्यूटर पर अमल कराए जाने,ग्राम सीगोन निवासी सविता प्रजापति द्वारा किसान सम्मान निधि दिलाए जाने,वार्ड नंबर 8 पिपरई निवासी सीमा आदिवासी द्वारा किसान सम्मान निधि एवं पीएम आवास दिलाए जाने,ग्राम राजपुर निवासी विजय कुशवाह द्वारा पीएम आवास की दूसरी किस्त दिलाए जाने,मुंगावली निवासी रानी व 17 अन्य द्वारा आवासीय पट्टा दिलाए जाने,ग्राम सारसखेड़ी निवासी इशीता यादव द्वारा आधार कार्ड में संशोधन कराए जाने,वार्ड नंबर 2 मुंगावली निवासी प्रवीण ओझा द्वारा संबल कार्ड बनवाए जाने,ग्राम भौरा कांछी निवासी राजेश ओझा द्वारा बीपीएल कार्ड बनवाए जाने,वार्ड नंबर 14 महर मौहल्ला शाढोरा निवासी गोपाल माथुर द्वारा सहायता राशि दिलाए जाने,बौद्ध बिहार कॉलोनी अशोकनगर निवासी रवि अहिरवार द्वारा छात्रवृत्ति दिलाए जाने,ग्राम पिपरिया निवासी रवि साहू द्वारा राशन कार्ड बनवाए जाने,ईसागढ़ निवासी हरप्रीत कौर द्वारा सीमांकन कराए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। पआवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए।

## विश्व एड्स दिवस पर सेहराई महाविद्यालय में कार्यशाला, संवाद, रंगोली का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




शासकीय महाविद्यालय सेहराई अशोकनगर में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला, संवाद, रंगोली, मानव श्रृंखला आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला संगठक रासेयो एवं प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता ने सभी को अपनी दिनचर्या सुधारने पर विशेष बल दिया. एड्स को रोकने हेतु समाज को आगे आकर बेझिझक होकर अपनी बात करनी होगी।

### एड्स नहीं जानलेवा बीमारी, इससे सुरक्षा स्वयं की जिम्मेदारी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आशीष पलेरिया ने कहा एड्स एक वायरस जनित रोग है, जो किसी प्रकार की संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त दान एवं संक्रमित गर्भवती महिला से उसके बच्चे को होने की सम्भावना बनी रहती है।

इसके साथ छात्र,छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही एड्स को रोका जा सकता है, इसलिए समाज को आगे आकर इसको बेझिझक होकर अपनी बात करनी है और सभी को एचआईव्ही टेस्ट जरूर करवाना है, जिससे हम अपने साथ अन्य लोगों को भी सुरक्षित कर सकें। इस साल वल्ड एड्स डे थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो बताती है कि एड्स से जुड़ी शर्म, डर और सामाजिक दूरी को खत्म करना कितना जरूरी है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अंजू सिहारे एवं रविन्द्र कुमार रीतोरिया ने संवाद कार्यक्रम एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से छात्र,छात्राओं को सुरक्षित रहने का सन्देश दिया। डॉ सुरेश कुमार गर्ग ने मानव श्रृंखला के निर्माण के दौरान विद्यार्थिओं को संवोधित किया, तथा सजग और जागरूक रहने की अपील की।

## छात्र छात्राओं को स्वच्छता के लिए प्रेरित कर दी शपथ



**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ़पी. प्रजापति के निर्देशन में ग्राम पंचायत बमनावर के हायर सेकेण्डरी स्कूल में हमारा शौचालय हमारा भविष्य अभियान के अंतर्गत स्कूल विद्यार्थियों को स्वच्छता के लिए शौचालय के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया।

विकासखण्ड समन्वयक सतपाल सिंह जाट ने बताया कि 19 नवम्बर से विश्व शौचालय दिवसे से यह अभियान 10 दिसम्बर 2025 तक जारी रहेगा। जिसमें स्वच्छ शौचालय एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसर का नाम सम्मान हेतु शामिल किया जायेगा। इस हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत से तीन-तीन शौचालय प्रतियोगिता में भेजने हेतु अवगत कराया। स्कूली बच्चों के शौचालय के महत्व के बारे में समझाते हुए रामकुमार शर्मा, मोहन सिंह जाट, चन्द्रा पालीवाल,अनुराग पाठक, पवन लोधी, केशव अहिरवार, सहित स्कूली स्टॉफ उपस्थित रहा। वॉश ऑन व्हील अंतर्गत स्वच्छता साथी एप के माध्यम से व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों की सफाई की सुविधा के बारे में सभी विद्यार्थियों को अवगत कराया।

## गीता के 15वें अध्याय का पाठ कर गायों को गुड़ खिलाया






हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गीता जयंती के अवसर पर जन अभियान परिषद ब्लॉक अशोकनगर की नवांकुर संस्था युगल सरकार श्रीमद् भगवद गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर के सदस्य रामबली यादव, बलवीर सिंह रांवसर, लाखन सिंह सहोदरी, दिनेश यादव बक्सनपुर ग्राम बेलईं ग्राम पंचायत सीगोंन (पिपरई) की श्रीकृष्ण गौशाला पहुंचे, जहां गौ माताओं को गुड़ खिलाया गया तथा गीता जी के 15वे अध्याय पुरुषोत्तम योग का सामूहिक पाठ किया गया।

बलवीर सिंह यादव रांवसर ने बताया कि गीता श्रीकृष्ण की ऐसी अमृत वाणी है जिसके श्रवण और उसके अनुसार जीवन को ढालने से भौतिक पदार्थों की प्राप्ति के साथ ही आध्यात्मिक लाभ यानी पारलौकिक लाभ मिलता है। समिति द्वारा आनंद ग्राम रांवसर में प्रति रविवार को गीता स्वाध्याय किया जाता है। हमारी संस्कृति ही हमारी विरासत है और इसे अक्षुण्ण रखने में ही हमारा विकास है। गीता स्वाध्याय से सामाजिक समरसता आयेगी, पुरातन परंपराएं पुनस्थापित होंगी तो सहभागिता, सहकार का भाव पोषित होगा। इसी उद्देश्य को लेकर जन अभियान परिषद ब्लॉक अशोकनगर की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर निरंतर कार्य कर रही है। मनुष्य के जीवन में उपासना, साधना के बाद ही आराधना का क्रम आता है यानी लोक कल्याण किया जा सकता है। समाज सुधारक वंदनीय राष्ट्रसंत तुकडो महाराज की ग्राम गीता का वाचन रामबली यादव द्वारा किया गया। ऋग्वेद में श्लोक है विश्वम पुष्टम ग्रामे अस्मीमन्नानातुरम, यानी गांव-गांव की समस्त जनता निरोग, बलिष्ठ एवं सुखी रहे।

## थूवोनजी से पैदल विहार कर अशोकनगर पहुंचे पुंगव मुनिश्री सुधासागर

# 3 पिच्छीधारी संतों के साथ गए थे मुनिश्री 15 संतों के साथ लौटे, जैन समाज ने भव्य अगवानी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर दिगंम्बर जैन दर्शन के जगमगाते तीर्थ क्षेत्र श्री थूवोनजी में भी मुनि श्री ने एक नए इतिहास को जन्म दिया है। यह इतिहास मुनिश्री के जीवन में एक नया अध्याय लिखेगा ही साथ में थूवोनजी में इतिहास के पन्नों में एक नया अध्याय जुड़ गया है। थूवोनजी की धरा पर जब मुनिश्री तीर्थ वंदना यात्रा के लिए गए थे उस समय उनके साथ 3 पिच्छीधारी संत थे। जब मुनिश्री थूवोनजी से वापिस अशोकनगर पहुंचे तो उनके साथ 3 पिच्छीधारी संतो की जगह 15 पिच्छीधारी संत थे। जब मुनिश्री का आगमन अशोकनगर में हुआ तो जन सैलाव उमड आया। बड़ी संख्या में जन समुदाय ने उनकी भव्य अगवानी की। पूरा मार्ग उत्साह और उमंग से भरा नजर आया।


मुनिश्री के चार्तुमास से लेकर अभी तक कितने कार्यक्रमों ने उनके चार्तुमास को ऐतिहासिक बना दिया है। हर कार्यक्रम उनका इतिहास में एक दस्तावेज बन गया है। अभी इतिहास के पन्ने और रंगे जाना है यह अवसर 9 दिसम्बर से प्रांरभ हो रहा है। जिसमें भगवान बनने की विधि पंच कल्याणक के रूप में नजर आएगी। मुनिश्री के सानिध्य में अशोकनगर की धार्मिक धरा पर यह दूसरा बड़ा आयोजन हो रहा है। अगर पृष्ठभूमि में जाकर देखें तो पहला आयोजन 1992 में हुआ था जब त्रिकाल चैबसी जिनालय का निर्माण हुआ था। उस समय विश्व के इतिहास में पहली बार पंच कल्याणक प्रतिष्ठा और गजरथ महोत्सव का आयोजन हुआ था उस आयोजन को नजदीक से देखने का मौका और इस आयोजन को अखबार के पन्नों पर समटने का मौका भी मिला था वहीं मौका फिर मिल रहा है। संत भी वहीं हैं धरा भी वही है और यहां के जिनालयों में विराजमान होने वाले तीर्थंकर भगवानों की प्रतिमाएं जरूर नईं हैं। इस पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में क्या क्या नजर होगा, यह सब आने वाले दिनों में नजर आएगा। लाखों की भीड़ इस आयोजन में आने की संभावनाएं जताई गईं हैं। मुनिश्री के सानिध्य में होने वाला यह आयोजन तैयारियों के अतिंम चरण में है जिसे मूर्त रूप प्रदीप भैया द्वारा दिया जा रहा है।

मुनिश्री सुधासागर जी महाराज अशोकनगर से 2 नबंवर को जब तीर्थ वंदना पद यात्रा के साथ थूवोनजी के लिए गमन कर रहे थे उस समय का दृश्य अदभुत और अलौकिक था और जब 1 माह की अवधि व्यतीत करने के बाद ठीक उसी तारीख 2 दिसम्बर को जब मुनिश्री का शहर में प्रवेश हुआ तब सड़कों पर वैसा ही नजारा देखने को मिला। मुनिश्री की इस अगवानी को पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों के साथ सजाया गया था। यह सभी पात्र विभिन्न बग्गियों पर सवार होकर चल रहे थे। सुरक्षा के घेरे में मुनिश्री का संघ चल रहा था जगह जगह पुष्प वर्षा हुई, केसरिया ध्वज देखे गए और मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया गया। भीड़ की वजह से सड़कें भी सकरी पड़ गईं। मुनिश्री के इस विहार में पहले से ही भीड़ चल रही थी लेकिन शहर का दृश्य अलग नजर आया। मुनिश्री शहर प्रवेश के बाद फुटओवर ब्रिज होते हुए गांधी चैक, स्टेशन रोड, सुभाषगंज पहुंचे।

### 12 फीट चौड़े डिवाइडर से उछलकर बस पहुंची दूसरी लेन

# बस ने कार को पीछे से मारी टक्कर 12 यात्री घायल, 2 शाजापुर रेफर








हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-पचोर

शहर में मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे पचोर-ब्यावरा हाइवे पर एक तेज रफ्तार लोकल यात्री बस ने आगे चल रही कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार सड़क से घिसटती हुई डिवाइडर से सटकर किनारे जा गिरी, जबकि बस उछलकर करीब 12 फीट चौड़े कच्चे डिवाइडर को पार कर विपरीत दिशा की लेन में जा खड़ी हुई। दुर्घटना में बस कंडक्टर समेत 12 यात्री घायल हुए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब ब्यावरा की ओर से तेज गति से आ रही प्रज्ञा ट्रैवल्स की बस एमपी 09 एफए 3815 ने शिवपुरी से इंदौर जा रही कार क्रमांक एमपी 09 डीएल 7545 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार का नियंत्रण पूरी तरह बिगड़ गया और वह लंबी दूरी तक घिसटते हुए सड़क किनारे पलटने से बचते हुए डिवाइडर के पास जा थमी। बस की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वह डिवाइडर पार कर उलटी दिशा की सड़क पर जाकर रुकी।

#### पुलिस व एम्बुलेंस दल ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

मौके पर पहुंची पुलिस और एम्बुलेंस दल ने सभी घायलों को पचोर सिविल अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दीपांश (14) निवासी इंदौर को गंभीर अवस्था में शाजापुर रेफर किया गया, जबकि बस कंडक्टर पप्पू पिता धुलजी राव (35) निवासी मिट्ठनपुर, राजगढ़ को हालत नाजुक होने पर राजगढ़ जिला अस्पताल भेजा गया।

#### पचोर अस्पताल में इनका हुआ प्राथमिक उपचार

भानुबाई नामदेव (70) शिवपुरी
वंश नामदेव (12) इंदौर
आरुषि नामदेव (9) इंदौर
किरण नामदेव (52)
विशाल नामदेव (13)
देववंती भिलाला (19) लटुरी
निकिता (24) सनखेड़ी
प्रताप सिंह वर्मा (64) नापल्याखेड़ी
दुर्गाबाई (28) नापल्याखेड़ी
गीताबाई (50) नापल्याखेड़ी

#### 15 साल पुरानी बसों को बंद करने के आदेश पर भी अमल नहीं

हाल ही में परिवहन मंत्रालय द्वारा एक आदेश जारी कर प्रदेश भर से कंडम बसों को जिनकी उम्र 15 साल हो चुकी है उन्हें तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। परंतु आरटीओ के ढीले रवैए के कारण आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई बल्कि स्थानीय स्त्रोतों को सच माना जाए तो पचोर- ब्यावरा मार्ग पर करीब दर्जन भर बसें रोजाना तीन से चार फेरे लगाती हैं, जिनमें कई पुराने और बिना परमिट की बसें भी संचालित होने की बात सामने आती रहती है।

#### इनका कहना है...

बस की स्पीड अत्यधिक थी जिसके चलते यह हादसा हुआ। हमने बस को जब्त कर लिया है। और मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।
**शकुंतला बामनिया, थाना प्रभारी**

### संवाद से समाधान कार्यक्रम के तहत लापरवाहों पर कलेक्टर की गाज

# एएनएम की सेवा समाप्त, 2 बीपीएम और बीईई पर भी की गई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने संवाद से समाधान कार्यक्रम शुरू किया हुआ है। इसके तहत हर हफ्ते किसी एक विभाग की चिन्हित शिकायत सामने रख शिकायतकर्ता और संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी को बैठाकर समस्या का समाधान साथ ही लापरवाहियों पर कार्यवाही की जाती है।

इसके तहत कल स्वास्थ्य विभाग की प्रसूती शिकायतों को चिन्हित किया गया। एक शिकायतकर्ता बाबूराम वर्मा द्वारा बताया गया कि रामकन्याबाई का नसबंदी ऑपरेशन 2 साल पहले हुआ लेकिन उन्हें अभी तक उनकी राशि प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे में कलेक्टर ने बीपीएम राजेश यादव और नरसिंहगढ़ बीईई के वेतन से 30 हजार रुपए काटकर रामकन्याबाई को देने के निर्देश सीबीएमओ को प्रदान किए। इसी तरह प्रसूती सहायता के तहत सुनीता तंवर नाम की महिला को भी 2 साल से सहायता राशि के लिए भटकाया जा रहा था। इस लापरवाही पर कलेक्टर ने बीपीएम रामबाबू दांगी, लेखापाल मनोज जाटव को 7 दिवस में राशि भुगतान करने के आदेश दिए।

#### एएनएम को हटाने के निर्देश

प्रसूती सहायता के एक मामले में सबा पत्नी वाहिद खान की समग्र आईडी एएनएम द्वारा गलत अपलोड करने के चलते उन्हें राशि नहीं मिल पाई। इस पर कलेक्टर ने एएनएम रानू चौरासिया की संविदा सेवा समाप्त करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। प्रसूती सहायता के एक अन्य मामले में लापरवाही पर सारंगपुर के जगदीश दांगी एवं देवेंद्र वर्मा का 7 दिवस का वेतन काटने व एनएचएम एमडी को पत्र लिखने के निर्देश प्रदान किए। जीवन निर्वाह भत्ता पेडिंग रखने के एक मामले में जिला चिकित्सालय के लेखापाल दिनेश पारीक की भी एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

## गायों को बेचने जा रहे ग्रामीण से गोतस्करी के नाम पर अभद्रता की

**ब्यावरा।** कालीपीठ थाना क्षेत्र के ग्राम महाबल से गोपालक अपनी दो गायों को बेचने लोडिंग वाहन से पचोर जा रहा था। इसी दौरान पचोर रोड स्थित कचनारिया आईटीआई के समीप मंगलवार सुबह पांच युवकों द्वारा गोपालक से अभद्रता कर गोशाला में रशीद काटने के नाम पर पैसों की मांग की गई। गोपालक की शिकायत पर देहात थाना में पांच आरोपितों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम महाबल निवासी 45 वर्षीय शोभाराम पुत्र बग्शूलाल जाटव ने बताया कि वह झालाबाड़ के दांगीपुरा निवासी गिरीराज तंवर के लोडिंग वाहन से दो गायों बेचने के लिए पचोर जा रहा था तभी कचनारिया आईटीआई के समीप चाय पीने के लिए रुका, उसी समय भारत गुर्जर, धर्मेंद्र ठाकुर के साथ तीन अन्य अज्ञात युवक आए जो गोतस्करी का आरोप लगाते हुए गाली-गलौंज करने लगे। इसके बाद युवकों द्वारा गोशाला के नाम पर 5100 रुपए की रशीद कटवाने का दबाव बनाया गया। विवाद बढ़ने पर युवक मौके से भाग गए।शहर ब्यावरा थानाप्रभारी वीरेन्द्र धाकड़ ने देहात थाना में फरियादी शोभाराम की रिपोर्ट पर दो नामजद सहित पांच के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की।संगठन के नाम पर अवैध वसूली की सूचना मिलने पर कार्यकर्ताओं ने पुलिस को शिकायत आवेदन किया, जिसमें प्रशासन को अवगत कराया गया कि कुछ दिनों से ब्यावरा और आसपास के इलाकों में कुछ लोग संगठन के नाम पर गो परिवहन संबंधित वाहनों को रोककर पैसों की वसूली कर रहे हैं।

### कुरावर के वार्ड 5 के बाशिंदों ने सौंपा आवेदन

## 35 साल से झुग्गियों में रहने के बाद भी नहीं बन पा रहे पट्टे




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले के कुरावर कस्बे के वार्ड-5 के अनेकों लोग मंगलवार को कलेक्टेट पहुंचे और सालों से एक ही स्थान पर रहने के बावजूद पट्टे न बनाए जाने संबंधी बात अधिकारियों के समक्ष रखी। आवेदकों ने इस संबंध में कलेक्टर से दरख्वास्त करते हुए जांच करवाकर सभी पात्रजनों के पट्टे बनाने की मांग रखी है। कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे आवेदकों मदन, आजाद, मुनीर, मनीष, विनोद सेन, नारायण सिंह, मोहम्मद अली, गोरधन, प्रेम भारती, राकेश सहित अन्य ने बताया कि वे कुरावर के वार्ड-5 में झुग्गियां बनाकर करीब 35 सालों से निवासरत हैं। न तो उन्हें पट्टे दिए गए हैं और न ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उन्हें मिल पाया है। आवेदकों की माने तो प्रशासन द्वारा पूर्व में दो-तीन बार सर्वे भी किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी पट्टा वितरण नहीं हो सका है।

#### मुख्यमंत्री की घोषणा का दिया हवाला

कलेक्टर के नाम संबोधित आवेदन में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उस घोषणा का उल्लेख भी किया गया जिसमें उनके द्वारा कहा गया था साल 2020 तक जो जहां मकान बनाकर रह रहा, उसे वहीं का पट्टा भी बनाकर दिया जाएगा। उक्त सभी आवासहीन झुग्गी निवासी लोगों ने कलेक्टर से अनुरोध किया कि प्रशासनिक अधिकारियों से सर्वे करवाकर तुरंत सभी के पट्टे बनवाए जाएं।

## कचराघर बना जिला अस्पताल, 8-10 दिनों से नहीं पहुंच रही कचरागाड़ी, मरीजों में संक्रमण की संभावना बढ़ी



**ब्यावरा।** राजगढ़ नगरपालिका की लापरवाही एवं गैरजिम्मेदार कार्यशैली के चलते जिला अस्पताल में सामान्य कचरे का ढेर दिन दिन बढ़ता जा रहा है। हालात यह है कि महीने में कई बाद लंबे अंतराल के बाद कचरा गाड़ी जिला अस्पताल का कचरा उठाने पहुंचती है जिस पर अस्पताल प्रबंधन ने पूर्व में भी नगरपालिका को अवगत करवाया था। परंतु ढर्रा सुधरने का नाम नहीं ले रहा है बल्कि कचरे का ढेर बढता जा रहा है जिसको जानवर खाते देखे जा सकते है परंतु नगरपालिका के जिम्मेदारों ने जैसे आखें मूंद ली हो। इसी बात को लेकर एक बार फिर सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने नगरपालिका को लिखित पत्र द्वारा अवगत कराया हैएवं पूर्व में भी जारी किए गए पत्रों का हवाला दिया है कि जिसमें कचरा गाडी 8 से 10 दिनों में कचरा उठाने की बात कही गई हैं। इससे मरीजों में संक्रमण का खतरा भी लगातार बना रहता है।

#### सीएमओ बोले पहुंच गई आज गाड़ी

सीएमओ राजगढ़ नगरपालिका पवन अवस्थी बोले की मंगलवार को 2 बजे हमने कचरा गाड़ी पहुंचा दी है और पता करेंगे की समय पर कचरा गाड़ी अस्पताल क्यों नहीं पहुंच रही।

## पुरातात्विक महत्व की धरोहर के पास कचरा फेंक पहुंचाया जा रहा नुकसान



**माचलपुर।** नगर की देवरा बाल्डी पर स्थित पुरातात्विक महत्व की संपदा छनिहारी, पनिहारी का पुरातत्व विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च कर जीर्णोद्धार कर सहजने का कार्य किया गया था। लोगों ने छानियारी, पनिहारी के स्तूप जिन पर आकर्षक कलाकृति कारीगरी के पत्थरों से बनी और पुरातत्व महत्व की संपदा है जहां लोग आकर्षित होकर दूर दूर से देखने और इतिहास जानने आते हैं को भी गंदगी का अड्डा बना दिया है। पूर्व में भी असामाजिक तत्वों ने अपनी शरणस्थली बनाई अब किसी अज्ञात लोगों द्वारा दूने पतल और डिस्पोजल से भरी टैक्टर ट्राली का कचरा फेका गया जिसके कारण यह चारों और गंदगी व्याप्त हो गई। और पशु इनको खाते देखा गया जो इन पशुओं की मौत का कारण भी बन सकता है। नगर परिषद को उक्त गंदगी फैलाने वाले की जानकारी जुटा कर कठोर कार्यवाही करनी चाहिए जिससे भविष्य मैं ऐसा कृत्य पुनः ना करे। पुरात्व विभाग अधिकारी मनोहर सिंह उयके के द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।

#### क्या कहना है...

मुझे एक वीडियो मिला है जिसने भी यहां कचरा फेका उसकी जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी, साथ ही नगर के सभी गार्डन धर्मशाला वालों को नोटिस जारी करेंगे।
**देवेंद्र कुमार वत्स,** मुख्य नगरपालिका अधिकारी माचलपुर

### मांडू-इंदौर का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण संपन्न



**ब्यावरा।** स्थानीय विद्यालय इंदौर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का मांडू एवं इंदौर का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मांडू स्थित जहाज महल, रूपमती महल, हिंडोला महल, जामा मस्जिद, चतुर्भुज श्री राम मंदिर तथा मांडू की प्राचीन स्थापत्य कला का अवलोकन किया। इतिहास से जुड़े इन स्थलों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को नई दिशा प्रदान की। दूसरे दिवस पर दल ने इंदौर स्थित रीजनल पार्क, श्री गणेश मंदिर खजराना एवं पीनेक्स सिटाडेल मॉल का भ्रमण किया। डायरेक्टर 'हरिओम दांगी' ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थल-आधारित अध्ययन, सांस्कृतिक समझ एवं सामूहिकता का अनुभव कराना था, जो पूर्णतः सफल रहा। प्राचार्य चेनसिंह जाटव' ने सभी प्रमुख स्थलों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया। भ्रमण दल में विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## युवाओं ने विश्व एड्स दिवस पर लोगों को जागरूक किया




**जीरापुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय में सिनर्जी संस्थान एवं एसबीआई फाउंडेशन ऑन व्हील्स कार्यक्रम के अंतर्गत एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा ,समस्त स्टाफ स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कार्यक्रम की शुरुआत की।इस दौरान सिनर्जी संस्थान जिला समन्वयक संतोष सेन, डॉ. राजेश चैधरी ने विश्व एड्स दिवस की थीम, समाज में फैली भ्रांतियों तथा भेदभाव को दूर करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को सुरक्षित व्यवहार अपनाने और जागरूक रहने का संदेश दिया। एचआईवी जागरूकता पर आधारित एक फिल्म भी प्रदर्शित की गई। स्वास्थ विभाग जिला हेल्थ चेकअप टीम द्वारा युवाओ का हैल्थ चेकअप भी करवाया गया। लगातार 5 सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को भेंट देकर प्रोत्साहित किया गया। रैली निकाली।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक रहने और भेदभाव-मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई। सिनर्जी संस्थान जिला समन्वयक संतोष सेन डॉ. राजेश चौधरी, दुर्गेश दांगी, सुगन दांगी, सुनील दांगी, शीतल मेनिया उपस्थित रहे।

## छात्र जोड़ो यात्रा के तहत छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित



**ब्यावरा।** मंगलवार को जिला एनएसयूआई नेता संजय पंवार द्वारा छात्र छात्राओं से चर्चा कर उन्हें देनप की सदस्यता दिलाई एवं नई कार्यकारणी का गठन किया। शासकीय माध्यमिक विद्यालय एवं बालगोपाल कालीपीठ में छात्र जोड़ो यात्रा के तहत छात्र संवाद के आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी शिक्षा, सुविधाओं, रोजगार एवं कॉलेज संबंधी समस्याओं को साझा किया, जिनका समाधान नेता संजय पंवार द्वारा प्राथमिकता से कराने का आश्वासन दिया गया। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य हर छात्र की आवाज को मजबूती देना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक वीरेंद्र सोधिया, कालीपीठ ब्लाक अध्यक्ष राहुल सिंह सोधिया,अरविंद सोधिया ब्लॉक अध्यक्ष ब्यावरा, संदीप पंवार (बापची),महेंद्र कलाकोट, सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एनएसयूआई बयावरा ने बताया कि छात्र जोड़ो यात्रा का लक्ष्य अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर मजबूत छात्र नेतृत्व तैयार करना है।

### गीता जयंती धूमधाम से मनाई गई



**कुरावर।** ग्राम बिरगड़ी स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में गीता जयंती का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में गीतापाठ के साथ पर्व को मनाया। कार्यक्रम में संकुल केंद्र कुरावर से जन शिक्षक महेंद्र सिंह खींची, कृष्णकांत शर्मा तथा पंकज चंद्रवंशी ने भाग लिया। उन्होंने गीता के श्लोकों का पाठ किया और उपस्थित छात्रों एवं अभिभावकों को गीता के आदर्शों से परिचित कराया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने कहा, गीता जयंती हमें जीवन में सत्य, धर्म और सेवा का मार्ग दिखाती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने गीता के श्लोकों का सामूहिक पाठ किया।

### नगर की सफाई व्यवस्था चरमराई, स्थाई सफाई कर्मियों ने समर्थन में किया काम बंद

# नपा के अस्थाई सफाईकर्मियों की चौथे दिन हड़ताल जारी






हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नगर पालिका में कार्यरत स्थाई कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश के बाद उत्पन्न विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आदेश के विरोध में सफाईकर्मी लगातार चौथे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे, उनके समर्थन में स्थाई कर्मी ने भी काम बंद कर दिया जिसके चलते पूरे नगर की सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई। कचरा वाहन भी नहीं निकले स्थिति यह है कि शहर के कई प्रमुख मार्गों, गलियों और मोहल्लों में कचरे का अंबार लग गया है। जगह जगह सड़क किनारे कचरा फैला हुआ है, एक तरफ स्वच्छंद रूप से घूम रहे पशु कचरा खा रहे हैं। हालात यह है कि संक्रमण फैल सकता है।

वहीं सफाईकर्मियों का कहना है कि बिना किसी स्पष्ट कारण व प्रक्रिया के उनकी सेवाएँ समाप्त कर दी गईं, जिससे उनके परिवारों का जीवन संकट में पड़ गया है। परिवार चलाना कठिन हो गया।तो दूसरी ओर नपा अपनी वित्त व्यवस्था पर भी नजर रख रही मुख्य नगरपालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे का कहना है कि यह कार्रवाई शासन के वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत की गई है। मामला तूल पकड़ता जा रहा है और कर्मचारी पुनः नियुक्ति की मांग पर अड़े हुए हैं। हड़ताल के चलते नगर की स्वच्छता व्यवस्था ढह गई है। मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्लों तक कचरा नहीं उठा पा रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। नागरिकों ने नगरपालिका से जल्द समाधान निकालने की मांग की है ताकि शहर में स्वच्छता बहाल हो सके।

इधर सफाईकर्मी संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी सेवाएं बहाल नहीं की जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उधर नगरपालिका प्रशासन स्थिति सामान्य करने के लिए उच्च अधिकारियों से चर्चा कर समाधान तलाशने की बात कह रहा है। फिलहाल टकराव के बीच शहर की सफाई व्यवस्था की मार झेल रहा है और हालात सुधारने के लिए त्वरित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। उल्लेखनीय यह भी है कि नगर पालिका में अपने चहेतो की फर्जी नियुक्ति की चर्चा चौक चौराहे पर हो रही हैं।